भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2114**

उत्तर देने की तारीख 4 जुलाई, 2019

13 आषाढ़, 1941 (शक)

## खेल योजनाएं

**2114. श्री रामदास तडसः**

**श्री रवि किशनः**

**श्री अनिल फिरोजियाः**

**श्री रमेश चन्द्र कौशिकः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करने हेतु सरकार द्वारा कौन सी खेल योजनाएं कार्यान्वित की गई हैं;

(ख) क्या सरकार द्वारा प्रायोजित स्टार स्पोर्टस द्वारा खेल कार्यक्रमों का प्रसारण किए जाने के कारण युवाओं की खेलों के प्रति रुचि बढ़ी है;

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा खेलों की शत-प्रतिशत सफलता के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(घ) क्या सरकार का ग्रामीण खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु जिला-स्तर पर प्रशिक्षण केन्द्रों और एजेंसियों की स्थापना करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संघों की स्थिति क्या है; और

(च) विगत तीन वर्षों के दौरान खेल संघों को कितनी निधि आवंटित की गई है ?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री किरेन रीजीजू)**

(क) ''खेल'' राज्य का विषय होने के कारण ग्रामीण युवाओं सहित युवाओं के बीच खेलों के संवर्धन का उत्तरदायित्व राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का होता है। केंद्रीय सरकार राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता प्रदान करके, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्रों में प्रशिक्षण प्रदान करके तथा खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत सहायता प्रदान करके राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के प्रयासों की पूर्ति करती है। ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश में प्रतिभा की पहचान और पोषण तथा खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत प्रतियोगी प्रतिस्पर्धाओं के आयोजन से ग्रामीण युवाओं में खेलों को बढ़ावा देने में सहायता मिलती है।

(ख) और (ग): खेलो इंडिया गेम्स के लिए जनवरी 2018 में 5 वर्ष के लिए मीडिया अधिकार स्टार स्पोर्ट्स को दिए गए थे । खेलो इंडिया गेम्स 2019 में दर्शकों की संख्या 98.4 मिलियन थी। इससे खेलों में लोगों की बढ़ती रुचि का पता चलता है । खेलों को लोकप्रिय बनाने के लिए खेलो इंडिया स्कीम के तहत शुरू की गई पहलो में खेलो इंडिया मोबाइल एप, कम आयु में खेल प्रतिभा का पता लगाना और उसका पोषण, अवसंरचना में कमियों को दूर करना, खिलाड़ियों को प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करना तथा खेलो इंडिया प्रतियोगिताएं आयोजित करना शामिल है।

(घ) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण जिला स्तर पर प्रशिक्षण केंद्रों और एजेंसियों की स्थापना करने सहित खेलों के संवर्धन का उत्तरदायित्व राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों का है। केंद्रीय सरकार भारतीय खेल प्राधिकरण के 10 क्षेत्रीय केंद्रों, 4 शैक्षणिक संस्थानों और 273 प्रशिक्षण केंद्रों को सहायता प्रदान कर रही है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों सहित प्रतिभावान खिलाड़ी लाभान्वित होते हैं।

(ड.) और (च): खेल राज्य का विषय होने के कारण केंद्रीय सरकार राज्य/ जिला/ उप जिला स्तर पर खेल परिसंघों की मॉनिटरी नहीं करती है। भारतीय राष्ट्रीय खेल विकास संहिता, 2011 के अनुसार यह अपेक्षित है कि राष्ट्रीय स्तर के परिसंघ की संबद्ध इकाइयां कम से कम से कम दो तिहाई राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों में होनी चाहिए तथा प्रत्येक ऐसे राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र की इकाई में इससे संबद्ध न्यूनतम 50 % जिला स्तर के संघ होने चाहिए। राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को सहायता की स्कीम के अंतर्गत विगत 3 वर्षों में विभिन्न राष्ट्रीय खेल परिसंघों को संस्वीकृत धनराशि की सूचना अनुबंध में दी गई है।

****

अनुबंध

**खेल योजनाएं के संबंध में श्री रामदास तडस, श्री रवि किशन, श्री अनिल फिरोजिया तथा श्री रमेश चन्द्र कौशिक माननीय संसद सदस्यों द्वारा दिनांक 04.07.2019 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2114 के भाग (च) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

विभिन्न खेल विधाओं के लिए राष्ट्रीय खेल परिसंघों को जारी निधियों का विवरण

| क्र.सं. | खेलविधा | 2016-2017 (करोड़ रु.) | 2017-2018 (करोड़ रु.) | 2018-2019 (करोड़ रु.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भारतीय तीरंदाजी संघ | 11.00 | 14.00 | 18.53 |
| 2 | भारतीय एथलेटिक्स परिसंघ | 20.00 | 33.00 | 42.95 |
| 3 | भारतीय बैडमिंटन संघ | 15.20 | 15.20 | 21.00 |
| 4 | भारतीय मुक्केबाजी परिसंघ | 10.40 | 31.64 | 47.00 |
| 5 | हाकी इंडिया | 21.00 | 28.00 | 37.50 |
| 6 | भारतीय जूडो परिसंघ | 1.90 | 1.56 | 5.76 |
| 7 | भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ | 24.30 | 29.84 | 38.61 |
| 8 | भारतीय ताईक्वांडो परिसंघ | 1.70 | 0.00 | 2.49 |
| 9 | भारतीय भारोत्तोलन परिसंघ | 7.80 | 8.60 | 8.14 |
| 10 | भारतीय कुश्ती परिसंघ | 15.40 | 19.00 | 23.56 |
| 11 | भारतीय जिम्नास्टिक्स परिसंघ | 4.30 | 6.00 | 3.31 |
| 12 | भारतीय गोल्फ यूनियन | 1.50 | 3.00 | 3.93 |
| 13 | भारतीय अमेच्योर कबड्डी परिसंघ | 2.00 | 2.00 | 3.03 |
| 14 | भारतीय रोइंग परिसंघ | 3.90 | 7.00 | 5.62 |
| 15 | भारतीय सक्वैश रैकेट परिसंघ | 3.25 | 4.13 | 3.52 |
| 16 | भारतीय तैराकी परिसंघ | 2.80 | 7.16 | 7.89 |
| 17 | अखिल भारतीय टेनिस संघ | 1.38 | 15.00 | 3.70 |
| 18 | भारतीय वुशु संघ | 4.30 | 7.50 | 4.41 |
| 19 | भारतीय याटिंग संघ | 0.95 | 7.50 | 4.78 |
| 20 | भारतीय ब्रिज परिसंघ | 0.39 | 1.15 | 1.83 |
| 21 | भारतीय बॉस्केटबाल परिसंघ | 2.17 | 3.50 | 5.24 |
| 22 | भारतीय बिलियर्डस एंड स्नूकर परिसंघ | 1.00 | 2.13 | 3.24 |
| 23 | अखिल भारतीय शतरंज परिसंघ | 3.20 | 4.00 | 4.27 |
| 24 | भारतीय साइक्लिंग परिसंघ | 5.50 | 8.13 | 8.11 |
| 25 | अखिल भारतीय बधिर परिषद | 0.80 | 2.00 | 1.17 |
| 26 | भारतीय घुड़सवारी परिसंघ | 1.00 | 2.50 | 2.89 |
| 27 | अखिल भारतीय फुटबाल परिसंघ | 4.50 | 11.32 | 23.08 |
| 28 | फुटबाल अंडर -17 | 8.30 | 0 | 0 |
| 29 | भारतीय हैडबाल परिसंघ | 0.00 | 2.00 | 2.99 |
| 30 | भारतीय कयाकिंग और कैनोइंग संघ | 3.25 | 6.50 | 5.16 |
| 31 | भारतीय परालंपिक समिति | 4.40 | 6.00 | 6.03 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 32 | भारतीय सेपकटाकरो परिसंघ | 1.65 | 2.65 | 4.99 |
| 33 | विशेष ओलंपिक भारत | 4.00 | 3.00 | 5.26 |
| 34 | भारतीय टेबल टेनिस परिसंघ | 3.00 | 7.00 | 8.89 |
| 35 | भारतीय वालीबाल परिसंघ | 3.40 | 5.00 | 5.04 |
| 36 | एसजीएफआई | 1.75 | 0 | 0 |
| 37 | एआईयू | 1.00 | 0 | 0 |
| 38 | भारतीय फेंसिंग संघ | 1.00 | 3.00 | 2.99 |
| 39 | भारतीय खो -खो परिसंघ | 0.60 | 0 | 0 |
| **कुल** | | **203.99** | **310.01** | **376.91** |

*****